मुझे श्याम ही संभाले जग जाणदा

मुझे श्याम ही संभाले जग जाणदा,
वो ही सब काम मेरे करता,
अब मिलता सहारा मुझे हर हाल में,
खाटू वाला संग मेरे चलता,
सांवरा है संग मेरे चलता

पता नही जी कैसे इंतज़ाम करता है,
मुश्किल राहों को भी ये आसान करता है,
जब भी संकट का कोई बादल सा छा जाता,
बरसने से पहले खाटू वाला आ जाता,
मैं ता जाणदा हा मेरे नाल निभानी है तू ही,
नैया पार जो लगावे ओह माझी है तू ही,
मुझे फिकर नही अब किसी बात की,
जब मेरी चिंता तू करता,
मुझे श्याम ही संभाले जग जाणदा,
वो ही सब काम मेरे करता,
अब मिलता सहारा मुझे हर हाल में,
खाटु वाला संग मेरे चलता,
सांवरा है संग मेरे चलता.....

तू ही मेरा धन तू ही दौलत मेरी है,
तेरे नाम ही लिख दी मैंने जिंदगी मेरी है,
सांसे भी जो चल रही बदौलत तेरी है,
तेरे बिन चल पाऊं क्या औकात मेरी है,
हारी बाज़ी को तूने ही जिताया है प्रभु,
मेरे सपनों को सच कर दिखाया है पभु,
रूल जाता आशु दुनिया की भीड़ में,
गर तू कृपा ना करता
मुझे श्याम ही संभाले जग जाणदा,
वो ही सब काम मेरे करता,
अब मिलता सहारा मुझे हर हाल में,
खाटु वाला संग मेरे चलता,
सांवरा है संग मेरे चलता.......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19985/title/mujhe-shyam-hi-sambale-jag-janda

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |